# प्रदेश में 1.14 लाख करोड़ की परियोजनाओं में उत्पादन शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

### नंदी ने बताया भूमिपूजन समारोह के बाद से अब तक 3,984 परियोजनाएं धरातल पर उतरीं

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में बताया कि प्रदेश में वैश्विक निवेशक सम्मेलन में आए प्रस्तावों में से 1.14 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं में उत्पादन शुरू हो गया है। भूमिपूजन समारोह के बाद से अब तक 3,948 परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। वह सपा सदस्य रागिनी सोनकर के सवाल का जवाब दे रहे थे।



नंदी ने बताया कि भूमिपूजन समारोह में कुल 14,701 परियोजनाओं में 10.81 लाख करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतारने की कार्यवाही की गई थी। इसमें लगभग 34 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। मंत्री के जवाब से सपा सदस्य संतुष्ट नहीं हुए तो संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन की रिपोर्ट के आधार पर यूपी का औद्योगिक विकास दर 22.09 है। यह प्रदेश की बेहतर वित्तीय प्रगति को दिखाता है। उन्होंने सपा सदस्य के सैमसंग इंडिया के दूसरे प्रदेशों के जाने के आरोप पर कहा कि सदस्य को सही जानकारी नहीं है। यहां सैमसंग की मोबाइल डिस्प्ले की इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। कंपनी यूपी छोड़कर नहीं गई है। बाकी कहां निवेश करना है, कहां निवेश का विस्तार करना है, ये कंपनी अपने व्यापार के मुताबिक तय करती है।

सपा के स्वामी ओमवेश के सवाल के जवाब में नंदी ने बताया कि पिछले छह माह में प्रदेश भर में 3.5 लाख किलोग्राम सिंगल यूज पॉलिथीन को नष्ट किया गया है।